Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to encourage students to pursue research in vegetarian food in Hospitality sector.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : माननीय अध्यक्ष जी, हमारे देश में शाकाहारी परिवारों की बड़ी संख्या है। इन परिवारों के बच्चे जो होटल प्रबंधन की शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, होटल में मांसाहार के बढ़े प्रचलन के कारण व्यावहारिक कठिनाइयों की वजह से होटल प्रबंधन के व्यवसाय में नहीं जा रहे हैं। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा केवल शाकाहारी कुकिंग के लिए बीएस.सी डिग्री प्रोग्राम तीन सस्थानों गांधी नगर, भोपाल व जयपुर में प्रारम्भ किया गया है तथा शीघ्र ही भारत के 18 अन्य संस्थानों में प्रारम्भ करने की योजना के कारण इस क्षेत्र में विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ा है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि शाकाहारी छात्रों की संख्या होटल प्रबंधन में बढ़ाने व शाकाहार को बढ़ावा देने के लिए केवल शाकाहारी के साथ होटल व्यवसाय के अन्य क्षेत्रों में भी पाठय़क्रम प्रारम्भ किए जाएं जिससे रिसर्च फॉर वेजीटेरियन फूड, जिसको हॉस्पीटेलिटी से भी जोड़ा जा सकता है, यह कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाए।

HON. SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel,

Shri Rodmal Nagar and

Shri Alok Sanjar are permitted to associate with the issue raised by Shri Ajay Mishra Teni.